## खबर संक्षेप

### सरकारी कार्यालयों में अब 5 मिनट का योग ब्रेक

**नारनौल।** सरकारी कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने और उन्हें तनाव मुक्त रखने के लिए अब सभी कार्यालयों में रोज़ाना पांच मिनट का योग ब्रेक लेना अनिवार्य कर दिया गया है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सरकार के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को यह निर्देश जारी किए हैं। यह आदेश सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के पत्र के अनुरूप हैं।

### पेड़ से टकराने पर कार सवार युवक की मौत

**गुरुग्राम।** सोहना एरिया दौला मार्ग पर शादी समारोह से लौट रहे युवकों की तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। गांव लौहटकी निवासी 30 वर्षीय सचिन उर्फ बिट्टू अपने दोस्त गांव दमदमा के महेंद्र और ईश्वर के साथ वेन्यू कार से पलवल के पास गुलावट में शादी में शामिल होने गए थे। सुबह लौटते समय हादसा हुआ।

**पुलिस की अनोखी कार्रवाई :** बहन सपना की 19 नवंबर को की थी कत्ल, हाथों में लगी थी हथकड़ी

# रोहतक ऑनर किलिंग के 4 आरोपियों की बाजार में परेड

### टांगों पर प्लास्टर लंगड़ाते दिखे, कोर्ट भी इसी हालत में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव काहनी में हुई ऑनर किलिंग मामले के चार आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया था। आरोपियों की मंगलवार सुबह सुखपुरा चौक बाजार में परेड करवाई गई। पुलिस ने चारों को बाजार में पैदल घुमाया। इस दौरान आरोपी लंगड़ाते हुए चलते दिखाई दिए। उनकी टांगों पर प्लास्टर बंधा था और हाथों में हथकड़ियां लगी थी। परेड देखकर एक बार तो बाजार थम गया। राहगीर भी रुक कर उन्हें देखते रहे। बाद में चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद मृतका सपना के भाई संजू का 2 दिन का रिमांड दिया है जबकि गौरव और राहुल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। चौथे आरोपी नाबालिग को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया। सपना की 19 नवंबर को हत्या कर दी गई थी।



रोहतक। बाजार में आरोपियों की परेड करवाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### मामले की गहनता से की जा रही जांच



चारों आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान काबू किया गया था। जिनका पीजीआई में उपचार चल रहा था। चारों की बाजार में परेड करवाई गई है। इसके बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां संजू को दो दिन के रिमांड पर भेजा गया है जबकि तीन अन्य को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अभी सपना हत्याकांड में आरोपित गिरफ्तार नहीं हुए हैं। मामले की गहन जांच की जा रही है। **-सुरेंद्र सिंह**, एसएचओ सदर थाना

### मुठभेड़ में चारों आरोपियों को काबू किया था

पुलिस ने मुठभेड़ में इन चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गोली लगने के बाद से ही इनका इलाज चल रहा था। पुलिस ने पीजीआई से छुट्टी मिलने के बाद सोमवार को चारों आरोपियों का सुखपुरा चौक के पास बाजार में जुलूस निकाला है। हालांकि अभी सपना हत्याकांड में गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले की अभी जांच चल रही है।

### लव मैरिज बनी मौत की वजह

काहनी की सपना ने करीब साढ़े तीन साल पहले गांव के ही युवक सूरज के साथ लव मैरिज की थी। इसके बाद दोनों परिवारों के बीच दुश्मनी हो गई। इस दौरान पंचायत ने दोनों को गांव से बाहर रहने के लिए कहा था। सूरज सपना को लेकर रोहतक में किराये पर रहने लगा। इसके बाद जब उसके पिता की मौत हुई तो वह वापिस गांव में सपना के साथ रहने लगा। परिवार को हमले का अंदेशा पहले से ही था। उन्होंने बचाव के लिए घर में सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए। लेकिन संजू पूरी प्लानिंग तैयार किए बैठा था।

**शहीद ब्रिगेडियर होशियार स्टेडियम में हुआ था हादसा**

# जर्जर बॉस्केट पोल गिरने से खिलाड़ी की मौत

रविवार को खिलाड़ी अमन पर पोल गिरा, सोमवार को दम तोड़ा, मंगलवार को अंतिम विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में रेलवे रोड स्थित शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में बास्केटबॉल का पोल गिरने से घायल हुए किशोर ने पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। गमगीन माहौल में किशोर का दाह संस्कार किया गया। यह हादसा रविवार की दोपहर को हुआ था। दरअसल, लाइनपार का निवासी करीब 15 वर्षीय अमन दसवीं कक्षा का छात्र था और बास्केटबॉल प्लेयर था। अक्सर यहां ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में अभ्यास के लिए आता था। बीते रविवार को भी स्टेडियम में खेलने आया हुआ था। इस दौरान बास्केटबॉल का पोल उसके ऊपर गिर गया। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल लेकर जाया गया, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पीजीआई में ईलाज के दौरान सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस पीजीआई गई और मंगलवार को परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया। मंगलवार सायं गमगीन माहौल में बच्चे को अंतिम विदाई दी गई। अमन दो बहनों में इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



खिलाड़ी अमन

वहीं खेल जगत ने भी एक उभरते खिलाड़ी को खो दिया है। बता दें कि इस स्टेडियम में कुछ समय पहले भी पोल गिरने से एक लड़का घायल हुआ था और अब अमन की जान चली गई। इस स्टेडियम में संसाधनों का अभाव है और जो संसाधन हैं, वे भी उचित स्थिति में नहीं है। यदि पोल की समय रहते मरम्मत होती तो शायद अमन की जान न जाती।

**नारनौल: निकासी निकालते समय हादसा**

# बेकाबू कार ने विवाह में डाला विघ्न, 7 घायल, एटीएम बूथ तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

खड़खड़ी में रात्रि को विवाह से पूर्व निकासी निकालते वक्त एक बेकाबू कार ने विवाह में विघ्न डाल दिया। कार ने न केवल निकासी में शामिल करीब सात लोगों को घायल कर दिया, बल्कि एक एटीएम बूथ को भी तोड़ डाला। हालांकि कार जब एटीएम जाकर रूकी, तब गुस्साए लोगों ने कार चालक की धुनाई कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मोहल्ला खड़खड़ी के रहने वाले निरंजन चौहान के बेटे नीतेश की शादी में पहले बारात जाने से पहले सोमवार की रात को निकासी निकाली जा रही थी। निरंजन चौहान ने बताया कि उनके समाज की परंपरा के



अनुसार बारात जाने से पहले दूल्हे का निकासी कार्यक्रम होता है। निकासी कार्यक्रम होने के बाद दूल्हा बारात जाने तक घर में नहीं रहता। उसके रुकने का अन्य जगह इंतजाम किया जाता है, वहीं से बारात रवाना होती है। बारात राजस्थान के लक्ष्मणगढ़ जानी है। जब रात्रि को निकासी के समय एक युवक अपनी कार को तेज रफ्तार से चलाते हुए निकासी कार्यक्रम में घुस गया।

**राशि न देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी**

# यूएस से व्हाट्सअप कॉल कर मांगी दस लाख की चौथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना मंडी में एक व्यक्ति को व्हाट्सअप कॉल कर दस लाख रुपये की चौथ मांगने का मामला सामने आया है। चौथ राशि न देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। धमकी उचाना थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ चौथ मांगने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफाखेड़ी हाल उचाना मंडी निवासी हरिओम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बैंकों से लोन कराने का काम करता है। गत 19 नवंबर को अमेरीका के नंबर से उसके व्हाट्सअप पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद का नाम गांव अरड़ाना करनाल हाल अमेरीका निवासी दीपक बताया। आरोपित ने उससे दस लाख रुपये की चौथ मांगी और राशि न देने पर उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। जिसे उसने गंभीरता से नही लिया। जिसके बाद फिर से गत 20 नवंबर का उसी व्हाट्सअप पर कॉल आई और चौथ की डिमांड करते हुए बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### स्क्रैप की आड़ में बिहार ले जा रहे थे शराब की खेप, दो गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो, गुरुग्राम की टीम ने केएमपी पर एक कैंटर से अवैध अंग्रेजी शराब की भारी खेप बरामद कर दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपी स्क्रैप के कट्टों में छुपाकर अवैध शराब की खेप को बिहार ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से भारी मात्रा में अवैध शराब व कैंटर बरामद कर केस दर्ज कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है।

### चाकू-पत्थर से वार कर युवक की हत्या शव सड़क पर छोड़ा

**फरीदाबाद।** सोमवार रात करीबन डेढ़ बजे एक नंबर स्थित सी ब्लॉक में दोस्तों के आपसी विवाद में एक युवक की चाकू और पत्थरों से बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमलावर घायल पड़े युवक को लहूलुहान हालत में सडक पर ही छोडक़र फरार हो गए। शोर-शराबा सुनकर घरों से बाहर निकले स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पड़े युवक को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# रेल नीर 14 की बजाय 15 रुपये में बेचने पर जांच के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से रेल नीर की खरीद पर तय कीमत से अधिक राशि वसूलने पर डीआरएम ने जांच के आदेश दिए हैं। यात्रियों ने आरोप लगाया है कि स्टेशन की दुकानों पर 14 रुपए की आधिकारिक कीमत होने के बावजूद उनसे 15 रुपए वसूले जा रहे हैं जबकि रेलवे ने दो माह पहले ही रेल नीर की कीमत 15 रुपए से घटाकर 14 रुपए कर दी थी। एक यात्री ने इस ओवर चार्जिंग का वीडियो बनाकर ट्विटर पर डीआरएम विनोद भाटिया को टैग करते हुए शिकायत दर्ज कराई है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि दुकान पर 14 रुपए की रेट लिस्ट लगी हुई है। इसके बावजूद दुकानदार अधिक पैसे मांग रहा है। यह शिकायत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसके बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया।

अंबाला छावनी स्टेशन से ऐसे कई शिकायतें पहले भी आ चुकी हैं। आम दिनों में भी ओवर चार्जिंग को लेकर यात्रियों की ओर से शिकायतें रेलवे के पास पहुंचती रहती हैं। दुकानदारों का कहना होता है कि 1 रुपए एक्स्ट्रा सर्विस चार्ज है।




